# व्यवसायिक प्रबंधन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
**2024–25**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2024 से 30th जून 2025

तृतीय सत्र

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68**

# व्यवसायिक प्रबंधन में स्नातक
# (बी. बी. ए.)

**सत्रीय कार्य**
**2024—25**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, आपको प्रत्येक अवधि में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य करना होगा ।

हम एक साथ **BCOE-141, BCOG-171, BRL-106 and और BCOS – 184** सत्रीय कार्य भेज रहे हैं ।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2024 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. ई. -141** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **विपणन के सिद्धान्त** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ. ई.-141/टी. एम. ए./2024- 25** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड – क (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)

**1.** विपणन मिश्रण शब्द से आप क्या समझते हैं? विपणन मिश्रण के घटकों को समझाइये। (10)

**2.** शोध के निष्कर्षों से पता चला कि एक विशेष खाद्य तेल का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। क्या यह खोज मिठाई की दुकान के लिए प्रासंगिक है? उचित कारण दीजिए ? (10)

**3.** आपकी कंपनी 18-30 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों के लिए ऑर्गेनिक फेशियल क्रीम की एक नई श्रृंखला लॉन्च करने की योजना बना रही है। नई उत्पाद श्रृंखला के लिए एक संक्षिप्त बाज़ार विश्लेषण करें। (10)

**4.** नए उत्पाद के लिए एक विज्ञापन अभियान तैयार करें, जिसमें लक्षित दर्शक, मुख्य संदेश, मीडिया चैनल और बजट विचार शामिल हों। (10)

**5.** कल्पना करें कि आपको पता चलता है कि किसी प्रतिस्पर्धी ने अपने उत्पाद के बारे में संभावित ग्राहकों को गलत जानकारी प्रदान की है। अपने विक्रय दृष्टिकोण की अखंडता को बनाए रखते हुए इस स्थिति का सामना करने के लिए आप कैसी नैतिक रणनीति अपनाएंगे? (10)

### खण्ड – ख (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)

**6.** दो विशिष्ट उदाहरणों के साथ चर्चा करें कि उपभोक्ता व्यवहार को समझना नए उत्पाद के सफल लॉन्च में कैसे मदद कर सकता है। (6)

**7.** वितरण चैनल में मध्यस्थों की भूमिका का वर्णन करें और बताएं किवे विपणन प्रक्रिया में कैसे महत्वपूर्ण हैं। (6)

**8.** मूल्य निर्धारण की विधियाँ क्या हैं? मूल्य निर्धारण निर्णयों को प्रभावित करने वाले कारकों की भी व्याख्या करें। (6)

**9.** दो प्रसिद्ध ब्रांड के उदाहरण दें और उनके सफल होने के कारणों का वर्णन करें। (6)

**10.** बताएं कि आभासी वास्तविकता (वीआर) ग्राहक अनुभव को कैसे बढ़ा सकती है ? वीआर का उपयोग करने वाले विपणक के लिए संभावित चुनौतियों और अवसरों का वर्णन करें। (6)

### खण्ड – ग (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)

**11.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए:** (10)

(क) भौतिक वितरण माध्यम

(ख) अनुभवात्मक विपणन (Experiential Marketing)

**12.** **निम्नलिखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए:** (10)

(क) उपभोक्ता बाज़ार और संगठनात्मक बाज़ार

(ख) आवश्यकता ( Need) और अभिप्रेरणा ( Motive)

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. जी. -171** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी.सी.ओ.जी.-171/टी. एम. ए./2024- 25** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)**

**1.** उत्पादन संभावना वक्र की संकल्पना को स्पष्ट करें। उसकी मान्यताओं का उल्लेख करें तथा इसे किसी उदारहरण की मदद से प्रदर्शित करें। (10)

**2.** मांग अनुसूची और मांग वक्र की सहायता से मांग के नियम की व्याख्या करें। स्थानापत्ति और आय प्रभाव के बीच अंतर का उपयोग करके इसके अपवाद को भी समझाइए। (10)

**3.** पूर्णतया लोचदार, पूर्णतया बेलोचदार, इकाई लोच वाला , बेलोचदार और लोचदार पूर्ति वक्रों में भेद दिखाने के लिए चित्रों का प्रयोग कीजिए। (10)

**4.** स्थानापत्ति की सीमांत दर का क्या अर्थ है? X वस्तु की मात्रा में वृद्धि होने पर Y वस्तु के लिए X की स्थानापत्ति सीमांत दर क्यों गिरती है? (10)

**5.** अल्पकालीन औसत लागत वक्रों से दीर्घकालीन औसत लागत वक्र कैसे खींचते हैं? उपयुक्त चित्रों का प्रयोग कीजिये। (10)

**खण्ड – ख (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)**

**6.** बाजार के स्वरूप को पहचानने में कौन सी विशेषताओं को ध्यान में रखना चाहिए। **(6)**

**7.** फर्म के संतुलन के लिए सीमांत लागत और सीमांत आय की समानता एक आवयश्क शर्त क्यों है? **(6)**

**8.** लाभ और ब्याज में अंतर बताइये। क्या यह कहना ठीक नहीं है कि पूंजीपति इन दोनों को उत्पादन प्रक्रिया में उनके द्वारा निवेश की गयी पूंजी पर अर्जित करते हैं। **(6)**

**9.** लाभ के विभिन्न स्रोत क्या है? क्या आप इस बात से सहमत है कि सभी लाभ उत्पादक कि एकाधिकारी व्यक्ति के कारण उत्पन्न होते है? **(6)**

**10.** कुल लागत पर कीमत निर्धारण सिद्धांत क्या है? इसके चलते इष्टतम उत्पादन से भी अधिक उत्पादन किस प्रकार हो पाता है? **(6)**

**खण्ड – ग (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)**

**11.** कुल लागत पर कीमत निर्धारण सिद्धांत क्या है? इसके चलते इष्टतम उत्पादन से भी अधिक उत्पादन किस प्रकार हो पाता है? **(5)**

**12.** कीमत निर्धारित करते समय सरकारी हस्तक्षेप के विभिन्न साधनों को कैसे लागू किया जाता है? **(5)**

**13.** उदाहरण सहित समझाइए कि पीछे की ओर झुका हुआ पूर्ति वक्र क्या है? **(5)**

**14.** कार्यात्मक वितरण की परिभाषा दीजिये और व्यक्तिगत वितरण से इसका भेद कीजिये। **(5)**

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. आर. एल. – 106** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **मानव संसाधनों का प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी. आर. एल. - 106/टी. एम. ए./2024 - 25** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**क) लघु प्रकार के प्रश्न**

1. प्रशिक्षण क्या है ? प्रशिक्षण की विभिन्न विधियों की व्याख्या करें। (10)

2. जनशक्ति नियोजन के मॉडल पर विस्तार से चर्चा करें। (10)

3. संचार प्रक्रिया के तत्वों को बताइए एवं समझाइए। (10)

4. खुदरा संगठन में कर्मचारी के चयन से क्या तात्पर्य है ? किसी कर्मचारी की प्रेरणा में शामिल चरणों का वर्णन करें। (10)

5. एच आर एम की गतिविधियाँ क्या है ? खुदरा संगठन में ये गतिविधियाँ कैसे निष्पादित की जाती है ? (10)

6. संचार प्रक्रिया के तत्वों को बताइए एवं समझाइए। (10)

7. कार्य विश्लेषण क्या हैं ?कार्य विश्लेषण की विधियों को विस्तार से समझाइए। (10)

**(ख)) निबंध प्रकार के प्रश्न**

8. मानव संसाधन सूचना प्रणाली के विकास में शामिल चरणों पर चर्चा करें। (15)

9. शिकायत के मुख्य कारण बताएं। इसकी प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए। (15)

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. एस. -184** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **ई कॉमर्स** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी. सी. ओ. एस. -184/टी. एम. ए./2024-25** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड – क

**1.** ई-कॉमर्स पर विभिन्न उभरती प्रोद्योगिकियों जैसे गतिशीलता, क्लाउड, ए. आई., और आई. ओ. टी. के प्रभाव को बताएं। **(10)**

**2.** आभासी मुद्रा क्या है ? आपको क्या लगता है कि आर. बी. आई. द्वारा क्रिप्टो मुद्रा को क्यों प्रतिबंधित किया गया था ? **(10)**

**3.** ऑपरेटिंग सिस्टम क्या है ? दो सबसे अधिक इस्तेमाल किये जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताएं। **(10)**

**4.** साइबर सुरक्षा क्या है? आज के डिजिटल रूप से जुड़े विश्व में इसका महत्व बताएं। **(10)**

**5.** रिएक्ट नेटिव , आयनिक, जमरिन और फ्लटर के बीच अन्तर बताएं। **(10)**

### खण्ड – ख

**6.** ड्रॉप शिपिंग मॉडल की व्याख्या करें। क्या उभरती प्रोद्योगिकियों का ई – कॉमर्स की कार्यान्वयन रणनीतियों पर कोई प्रभाव पड़ेगा, तर्क दें ? **(6)**

**7.** पारंपरिक भुगतान और ई – भुगतान के बीच अंतर बताएं। **(6)**

**8.** ई – कॉमर्स व्यवसाय के लिए ग्राहक संलगन और प्रतिधारण एक महत्वपूर्ण उपकरण क्यों है। **(6)**

**9.** निम्नलिखित में अंतर करें : **(6)**

क) डिजिटल हस्ताक्षर और इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर

ख) आई टी अधिनियम 2000 और आई टी (संशोधन) अधिनियम 2008

**10.** ई – सेवाएं क्या है ? ई – सेवाओं के विभिन्न फायदे क्या हैं ? **(6)**

### खण्ड – ग

**11.** गार्टनर के मॉडल की मदद से ई – गवर्नेंस के विकास को बताएं। (5)

**12.** वेबसाइट बनाने के लिए कौन सी विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकता होती है ? (5)

**13.** साइबर अपराध क्या है? इन दिनों विभिन्न हो रहे साइबर अपराधों का उल्लेख कीजिए। (5)

**14.** भारत में ई. टेलिंग के प्रवचन का संक्षिप्त विवरण दीजिए। (5)